# वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र : 2023–24

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (मनाली)

ज़िला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश।

दिनांकः 23 मार्च, 2024

17वां

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

माननीय मुख्य अतिथि

डॉ0 मनदीप शर्मा

प्राचार्य

जवाहरलाल नेहरू रा0म0वि हरिपुर

की अध्यक्षता में

प्रस्तुति

डॉ0 रोमेश चंद्र

उप–प्राचार्य

जवाहरलाल नेहरू रा0म0वि0 हरिपुर

**नामांकन** : वर्ष 2023–24 में विद्यार्थियों की कुल संख्या 1101 है जिसका विस्तृत विवरण तालिका में दिया गया है।

| संकाय | कक्षा | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | ओ.बी.सी. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल |
| **BA** | बी.ए.प्रथम बर्ष | 148 | 126 | 274 | 53 | 39 | 92 | 24 | 16 | 40 | 9 | 6 | 15 |
| | बी.ए.द्वितीय वर्ष | 54 | 87 | 141 | 16 | 17 | 33 | 13 | 4 | 17 | 2 | 4 | 6 |
| | बी.ए.तृतीय वर्ष | 52 | 56 | 108 | 11 | 15 | 26 | 4 | 5 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| | कुल | **254** | **269** | **523** | **80** | **71** | **151** | **41** | **25** | **66** | **12** | **12** | **24** |
| **B.Com** | बी.कॉम.प्रथम बर्ष | 22 | 12 | 34 | 6 | 7 | 13 | 4 | 3 | 7 | 1 | 1 | 2 |
| | बी.कॉम.द्वितीय वर्ष | 9 | 9 | 18 | 3 | 5 | 8 | 2 | 2 | 4 | 1 | 0 | 1 |
| | बी.कॉम.तृतीय वर्ष | 8 | 14 | 22 | 3 | 0 | 3 | 1 | 3 | 4 | 1 | 1 | 2 |
| | कुल | **39** | **35** | **74** | **12** | **12** | **24** | **7** | **8** | **15** | **3** | **2** | **5** |
| **B.Sc** | बी.एस.सी.प्रथम वर्ष | 9 | 7 | 16 | 0 | 1 | 1 | 3 | 0 | 3 | 1 | 1 | 2 |
| | बी.एस.सी.द्वितीय वर्ष | 3 | 8 | 11 | 0 | 0 | 0 | 3 | 3 | 6 | 0 | 0 | 0 |
| | बी.एस.सी.तृतीय वर्ष | 3 | 3 | 6 | 0 | 0 | 0 | 1 | 4 | 5 | 0 | 1 | 1 |
| | कुल | **15** | **18** | **33** | **0** | **1** | **1** | **7** | **7** | **14** | **1** | **2** | **3** |
| **B.Voc** | बी.वॉक प्रथम सत्र | 10 | 5 | 15 | 2 | 2 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | बी.वॉक तृतीय सत्र | 9 | 5 | 14 | 5 | 1 | 6 | 2 | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | बी.वॉक पंचम सत्र | 7 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | कुल | **26** | **12** | **38** | **8** | **7** | **15** | **2** | **0** | **2** | **2** | **0** | **2** |
| **M.A** | एम.ए प्रथम सत्र (राजनीति विज्ञान) | 7 | 11 | 18 | 4 | 2 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| | तृतीय सत्र | 8 | 9 | 17 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | कुल | **15** | **20** | **35** | **5** | **2** | **7** | **0** | **0** | **0** | **0** | **1** | **1** |
| | एम.ए प्रथम सत्र (अंग्रेज़ी) | 4 | 3 | 7 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| | तृतीय सत्र | 3 | 4 | 7 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| | कुल | **7** | **7** | **14** | **1** | **0** | **0** | **1** | **2** | **3** | **0** | **0** | **0** |
| **M.Com** | प्रथम सत्र | 11 | 7 | 18 | 1 | 3 | 4 | 1 | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| | तृतीय सत्र | 8 | 8 | 16 | 3 | 3 | 6 | 0 | 1 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| | कुल | **19** | **15** | **34** | **4** | **6** | **10** | **1** | **3** | **4** | **2** | **0** | **2** |
| | कुल योग | **375** | **376** | **751** | **110** | **99** | **209** | **59** | **45** | **104** | **20** | **17** | **37** |

सामान्य वर्ग – 751
अनुसूचित जाति – 209
अनुसूचित जनजाति– 104
ओ.बी.सी. – 37
**कुल छात्र – 1101**

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान' के चलते अब परिणामों का तरीका पहले की व्यवस्था से एकदम बदल गया है। 'ग्रेडिंग सिस्टम' के कारण अब परिणाम C.G.P.A. पर आधारित है। संकायवार परिणाम तैयार किए गए हैं जिसके अन्तर्गत यह तालिका उन विद्यार्थियों के परिणामों पर आधारित है जिनके परिणाम घोषित हुए है।

**संकायवार परिणाम तालिका :–बी.ए. / बी.एस.सी / बी.कॉम तृतीय वर्ष**

| क्रमांक | संकाय | कुल छात्र | उतीर्ण छात्र | महाविद्यालय प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कला | 127 | 108 | 85 |
| 2 | विज्ञान | 40 | 38 | 95 |
| 3 | वाणिज्य | 21 | 21 | 100 |

## छात्रवृतियां :

वित्त वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत अलग–अलग योजनाओं के तहत विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को छात्रवृतियां प्रदान की गई।

अनुसूचित जाति के अन्तर्गत – छात्रों व छात्राओं, अनुसूचित जनजाति के छात्रों अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं व आई.आर.डी.पी. के छात्र व छात्राओं को डायरेक्ट ट्रांसफर स्कीम के तहत निर्धारित धनराशि लाभार्थियों के बैंक खाता में सीधी डाली गईं।

## बजट

| बजट | वेतन | टीई | ओ.ई. | एम.आर. | एम.आर.आर |
|---|---|---|---|---|---|
| बजट | 40908581 | 5000 | 443222 | 40889 | 5750 |
| खर्चा | 40908581 | 5000 | | 40888 | 5750 |
| बकाया | शून्य | शून्य | | 1 रूपये | शून्य |

## स्थानान्तरण एवं रिक्तियां

1महाविद्यालय में सत्र 2023–24 के दौरान प्रो0 पूजा सोहल, गणित विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 राजेश सिंह ने महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।
2डॉ0 प्रेम दास, राजनीति विज्ञान विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. सैंज के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 सनी ठाकुर ने पद ग्रहण किया।
3 डॉ0 मान सिंह राणा, वनस्पति विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर डॉ0 साक्षी राणा ने स्थान ग्रहण किया।
4 डॉ0 उरसेम लता, हिन्दी विभाग का प्राचार्य के रूप में रा0म0वि0 पनारसा के लिए पदोन्नति हुई।
5 प्रो0 अभिषेक आनन्द, भौतिक विभाग, प्रो0 दीपा कुमारी, हिन्दी विभाग और प्रो0 शिवम शांडिल्य, वाणिज्य विभाग की महाविद्यालय में नवनियुक्तियां हुई।
6प्रो0सुरेन्द्र सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. बंजार के लिए हुआ और उनके स्थान पर डॉ0 दुनी चंदने पद ग्रहण किया।
7प्रो0 ईशान मारवेल, अंग्रेज़ी विभाग ने पद ग्रहण किया।
8श्रीमति तेन्जिन डोलमा ने Assistant Librarian के रूप में पद ग्रहण किया।
9श्रीमति जयावन्ती ने Sr. Assistant के रूप में पद ग्रहण किया।
10श्री लोबजंग टशी ने JLA के पद पर अपनी नियुक्ति दी।

– महाविद्यालय में छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है और 'रूसा' के बाद लाइब्रेरी में विद्यार्थियों का आना जाना बहुत अधिक बढ़ गया है। इसके अतिरिक्त एक एटैंडेन्ट, एक रिस्ट्रोरर का पद रिक्त पड़ा है।
– विज्ञान संकाय में भी 1 जे.एल.ए., 1 लैब अटेंडेन्ट के पद रिक्त पड़े हैं। इसी तरह संगीत विभाग में लम्बे समय से तबला वादक नहीं है जिस कारण विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को आयोजित करने में कठिनाई आ रही है। और महाविद्यालय के कार्यालय में भी क्लर्क के तीनों पद रिक्त पड़े हैं। हिंदी विभाग में भी एक पद रिक्त पड़ा है।
अन्त में एक और महत्वपूर्ण ज़रूरत जो महसूस की जा रही है वह है–पीजी कक्षाओं के लिए प्राध्यापकों की कमी।

## अभिभावक–अध्यापक संघ (पीटीए):

अध्यापकों–छात्रों–अभिभावकों के बीच संवाद कायम करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में 'पी.टी.ए.' का गठन भी प्रतिवर्ष किया जाता है। संघ न केवल महाविद्यालय प्रशासन के साथ विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां में सहयोग करता है बल्कि साथ ही साथ
अपने बहुमूल्य सुझावों द्वारा एक सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण भी करता है। सत्र 2023–24 के लिए गठित संघ का विवरण इस प्रकार है :–

प्रधान : श्री पूरन चंद
उपप्रधान : श्री किशन
सचिव : प्रो0 लाल चन्द
सह सचिव : श्रीमति रीतू देवी
कोषाध्यक्ष : श्री कुशाल चंद
सदस्य : डॉ0 रोमेश चंद्र, प्रो0 जीत राम, प्रो0 ज्योति बाला और प्रो0 सुरेन्द्र कुमार।

पी.टी.ए. में एकत्रित कुल धनराशि 8,00000/–हुई। इसमें से 586721 रूपये की धनराशि विभिन्न विकासात्मक/सांस्कृतिक गतिविधियों व छात्रों के हितों से जुड़े अन्य कार्यों हेतु कुछ धनराशि व्यय की गई।

## पूर्व छात्र संगठन (OSA)

पूर्व छात्र संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन मार्च, 2022 में दो सत्र 2022–23 और 2023–24 के लिए गठन किया गया जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए।

प्रधान : श्री बबलु ठाकुर
उपप्रधान : श्री अरूण ठाकुर
सचिव : डॉ0 उरसेम लता
सह सचिव : सुश्री रीना
कोषाध्यक्ष : श्री करन ठाकुर
सदस्य : सुश्री चंपा, सुश्री सिमरन।

## रूसा के अंतर्गत व्यय की गई धनराशि–

महोदय, वर्ष 2023–24 में रूसा के अन्तर्गत इस महाविद्यालय को एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई। जिसमें अस्सी लाख रूपये की धनराशि बीएसएनएल को पीजी कक्षाओं के निर्माण हेतु दी गई है।

## पुस्तकालय :

यदि किसी असाधारण प्रतिभा वाले आदमी से हमारा सामना हो तो हमें उससे पूछना चाहिए कि वो कौन सी पुस्तकें पढ़ता है– इमर्सन

उपरोक्त उक्ति के अनुरूप समय–समय पर महत्वपूर्ण पुस्तकों को पुस्तकालय में शामिल किया जाता रहा है और इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है कि ऐसी पुस्तके जिनसे विद्यार्थियों की सोच–समझ व पठन् – पाठन में रूचि बढ़े, को शामिल किया जाए ताकि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके।

विद्यार्थियों से निरंतर संपर्क बनाए जाते हैं और उनकी रूचि व आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हिन्दी व अंग्रेज़ी की पत्रिकाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं जिसका विवरण नीचे दिया गया है–

1. हिमाचल व कुल्लू से सम्बन्धित पुरानी दुर्लभ व नवीनतम पुस्तकें लगभग –230
2. सितम्बर, 2023 तक कुल पुस्तकें–5000 इनमें से 1296 पुस्तकें उपहार एवं दान स्वरूप व 428 पुस्तकें विभागीय धन से खरीदी गई।
3. सत्र के दौरान जुलाई, 2019 से 29 फरवरी, 2024 तक पुस्तकालय सदस्यों (विद्यार्थी एवं प्रध्यापकों) को कुल 595 पुस्तके निर्गम (issue) की गई।
4. सत्र के दौरान जून, 2019 से 28 फरवरी, 2024 कुल 5000 आगन्तुक पुस्तकालय में पुस्तकें निर्गम करने, पढ़ने व सन्दर्भ के लिए आये।
5. सत्र के दोरान 4 दैनिक समाचार पत्र जिनमें दो अंग्रेज़ी (Indian Express और Tribune) दो हिन्दी (1) अमर उजाला (2) दैनिक जागरण पुस्तकालय में पढ़ने के लिए लगाये है।

6. निम्नलिखित 6 पत्रिकाएं जो हिन्दी व अंग्रेज़ी की महाविद्यालय पुस्तकालय के लिए दान स्वरूप मुफ्त आती हैं:
   1 हिमाचल स्टेट डिपार्टमेन्ट ऑफ लेंग्वेज़ आर्ट एण्ड क्लचर News Letter **2** Inflibnet News Letter **3**वन सन्देश **4** इतिहास दिवाकर **5** मोनाल **6** डाऊन टू अर्थ।

## पत्रिका 'मनुधरा' (2023–24)

पठन–पाठन में रूचि बढ़ाने, लेखकीय प्रतिभा को उभारने के उद्देश्य से पत्रिका मनुधरा बहुत उपयोगी सिद्व हुई है। पिछले अंक इस बात के प्रमाण रहे हैं प्रयत्न रहा है कि पत्रिका में केवल मौलिक लेख छपें। संपादक मण्डल विशेष तौर पर इस बात के प्रति सजग रहता है। 16 साल के इस अन्तराल में इस बार पत्रिका का 15वां अंक प्रकाशित होगा जिसमें वर्ष 2023–24 अंक के लिए चयनित संपादक मंडल का ब्यौरा इस प्रकार है :–

मुख्य संपादकः डॉ0 उरसेम लता

| विषय | अध्यापक संपादक | छात्र संपादक |
|---|---|---|
| अंग्रेज़ी | प्रो0 सुरेन्द्र कुमार | विदिषा, एमए प्रथम सत्र |
| हिन्दी | प्रो0 दीपा कुमारी | आंचल, बीए तृतीय वर्ष |
| पहाड़ी | प्रो0 भुपेन्द्र शर्मा | खुशबू, बीए तृतीय वर्ष |
| संस्कृत | प्रो0 जीत राम | मधु, बीए तृतीय वर्ष |
| वाणिज्य | प्रो0 इन्दु ठाकुर | सोम बहादुर, बीकॉम तृतीय वर्ष |
| विज्ञान | डॉ0 राम सिंह | पुलकित, बीएससी तृतीय वर्ष |

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रमाणन परिषद् "NAAC"

महोदय, 2006 में खुले इस महाविद्यालय की यह बड़ी उपलब्धि है कि मात्र 11 सालों के भीतर प्रशासन ने 18–19 सितम्बर, 2017 को NAAC की टीम को आमन्त्रित किया था। टीम ने कॉलेज को 2.44 अंको के साथ बी ग्रेड प्रदान किया। उक्त ग्रेड पहली ही बार में इतने कम प्राध्यापकों व संसाधनों के होते हुए भी महाविद्यालय अर्जित करने में कामयाब रहा। हमारा प्रयत्न है कि हम सभी उन मापदण्डों को पूरा करने की दिशा में कार्य करेंगे ताकि अगली बार बेहतर ग्रेड की ओर बढ़ा जा सके।

## 'कीड़ा दिवस'

21 मार्च, 2024 को प्रो0 ज्योति बाला की कुशल देख–रेख में सालाना खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर , 800 मीटर, 1500 मीटर दौड के अलावा शॉट पुट, लॉंग जम्प, हाई जम्प, डिस्कस थ्रो के अतिरिक्त बॉलीवॉल, कबडड़ी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है।

2 शैक्षणिक यात्राः

शारीरिक विभाग, वााणिज्य विभाग और समाजशास्त्र विभाग की ओर से 18 दिसम्बर, 2023 से 22 दिसम्बर, 2023 तक एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया जो 35 विद्यार्थियों के समूह के साथ वृंदावन, आगरा व दिल्ली भ्रमण करके आया।

**3 रैड रिबन क्लबः** रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 1,2 और 4 दिसम्बर, 2023 को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया जिसमें रसायन विज्ञान, एनसीसी और एनएसएस के छात्रों ने भाग लिया। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियां जैसे– टीचएड फिल्म में टोल फ्री एडज हेल्पलाइन नंबर 1097, एचपी एसएसीएस और एनएसीओ के फेसबुक और ट्वीटर अकांउट को फोलो तथा गूगल प्ले स्टोर से एनए सीओ एडज एप डाउनलोड़ आदि के बारे में जानकारी दी और साथ ही वाद–विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, निबंध लेखन इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

## 'विज्ञान संकाय'

**1 विज्ञान दिवसः** विज्ञान विभाग ने 28 फरवरी, 2024 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय ''विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी''था। इसके साथ ही पावरपवाइंट प्रेजेंटेशन, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, स्किट व कुल्लवी नाटी जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 मनदीप शर्मा शामिल रहे।

# विभागीय गतिविधियां

## जीव विज्ञान और वनस्पति विभाग

**1 वन्य प्राणी सप्ताहः**अक्टूबर, 2023 के पहले सप्ताह में वनस्पति विभाग और जीव विज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विश्व वन्य जीव सप्ताह मनाया गया। जिसमें छात्रों के लिए पीपीटी, पोस्टर मेकिंग, फेस पेन्टिग, स्टोन पेन्टिग और मॉडल प्रतियोगिता आादि विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इसके साथ ही छात्रों को इन्द्रकिला वन्य जीव अभयारणय और आस–पास के क्षेत्र में एक दिवसीय भ्रमण पर भी ले जाया गया।

**2 जागरूकता कार्यक्रमः**3 नवम्बर, 2023 को जवाहरलाल नेहरू रा0म0वि0 हरिपुर के विज्ञान संकाय द्वारा एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वनस्पति विभाग के सभी छात्रों ने भाग लिया। आयूष विभाग से डॉ0 मनीष सूद द्वारा छात्रों के लिए आयुर्वेद पर एक व्याख्यान दिया गया।

3 सेमिनारः 24 नवंबर, 2023 को वनस्पति विभाग के छात्रों को जीवी पंत, मोहल में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा वितपोषित हिमाचल प्रदेश के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में महिलाओं और स्वास्थ्य पर एक दिवसीय सेमिनार में ले जाया गया।

## हिन्दी विभाग

**ब्यास परिक्रमा यात्रा**–हिन्दी विभाग द्वारा 'ब्यास परिक्रमाः एक विरासत यात्रा' एक प्रोजेक्ट के रूप में शिक्षा को समुदायों से जोड़ने हेतु शुरू की गई है। 4–5 जून, 2023 को हिन्दी विभाग द्वारा ब्यास परिक्रमा एक विरासत यात्रा के दूसरे चरण को महाविद्यालय परिसर से आरम्भ

किया गया। जिसमें दो दिन की पदयात्रा में गांव बुरूआ, शणाग और गोषाल को लिया इसमें विद्यार्थियों के समूह बनाकर उनके द्वारा अलग–अलग क्षेत्रों में ऐतिहासिक, सामाजिक, धार्मिक, पर्यावरण सम्बन्धी जानकारियां एकत्रित की गई।

आईसीएसएसआर, चण्ढीगढ़ द्वारा वितपोषित 'गांधीमार्ग बहुआयामी, बहुउद्देशीय दृष्टिकोण (सत्य के प्रयोग, हिन्द स्वराज के संदर्भ में)'' राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी विभाग द्वारा 23–24 जून, 2023 को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया।

**चन्द्रधर शर्मा गुलेरी जंयतीः** 6–7 जुलाई, 2023 को राज्यस्तरीय गुलेरी जयंती संस्कृति सदन मंडी में आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के चार विद्यार्थियों ने भाग लिया। कहानी लेखन में हिमा प्रथम स्थान तथा कविता लेखन में आंचल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।
**हिन्दी पखवाड़ा**–1 सितम्बर, 2023 से 14 सितम्बर, 2023 के बीच तीन चरणों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें कविता पोस्टर, , सार्वजनिक पत्र लेखन, आत्म परिचय, आंखो देखा हाल, आशुभाषण, कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
**टांकरी लिपि कार्यशालाः** 3–11 सितम्बर, 2023को ज़िला भाषा एवं संस्कृति विभाग तथा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी, संस्कृत, इतिहास व अंग्रेज़ी विभाग द्वारा नौ दिवसीय टांकरी लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
**यशपाल जयंतीः**4 दिसम्बर, 2023 को भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित ज़िला स्तरीय 'यशपाल जयंती' में कहानी व कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लेकर दो छात्राओं ने कहानी लेखन में प्रथम स्थान तनीषा, द्वितीय वर्ष व पूनमद्वितीयस्थान और कविता लेखन में अंबिका को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।
**कुल्लू साहित्य उत्सवः** 28–29 फरवरी से 1मार्च, 2024 को भाषा एवं संस्कृति विभाग व हिमतरू प्रकाशन समिति द्वारा कुल्लू साहित्य उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## शारीरिक शिक्षा विभाग

प्रो0 ज्योति बाला प्राध्यापिका, शारीरिक शिक्षा विभाग के कुशल देख–रेख में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा सत्र में निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गईः–
**योग दिवसः** 21 जून, 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आभासी पटल पर मनाया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों को ऑनलाइन जोड़ा तथा वर्चुअल माध्यम से योग करवाया गया।
**राष्ट्रीय खेल दिवसः** 29 अगस्त, 2023 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 10 कि.मी. की लम्बी दौड़ और साथ ही पेंटिग व क्विज का आयोजन किया गया।
**बैडमिंटन प्रतियोगिताः** 1 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
**जूडो–कराटे प्रतियोगिताः** 2 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय में जूडो कार्यशाला और 4 सितम्बर, 2023 को शारीरिक शिक्षा विभाग व पूर्व छात्र संगठन की ओर से पांच दिवसीय जूडो– कराटे कैम्प का आयोजन किया गया।
**मनाली मैराथनः** 1 अक्टूबर, 2023 को महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से मनाली मैराथन में 6 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।
**बालीवॉल प्रतियोगिताः** 10 अक्टूबर, 2023 को बालीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिताः** 21 मार्च, 2024 को महाविद्यालय में 17वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अंतरमहाविद्यालय प्रतियोगिताः

20–21 अक्टूबर, 2023 को महाविद्यालय की महिला टीम ने संजौली महाविद्यालय में बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लिया।

23–24 अक्टूबर, 2023 को महाविद्यालय की क्रिकेट पुरूष टीम ने एमएलएसएम महाविद्यालय, सुन्दरनगर में इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में भाग लिया।

26–28 अक्टूबर, 2023 को महाविद्यालय की बास्केटवॉल टीम ने डीएवी, कांगड़ा महाविद्यालय में बास्केटवॉल प्रतियोगिता में भाग लिया।

7–9 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय की पुरूष टीम ने सुन्नी महाविद्यालय में बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लिया।

18–20 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय की बॉक्सिंग टीम ने जोगिन्द्रनगर महाविद्यालय में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

21–24 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय की पुरूष टीम ने ऊना महाविद्यालय में वॉलीवॉल प्रतियोगिता में भाग लिया।

## वाणिज्य विभाग

1 दिनांक 8 सितम्बर, 2023 को '' शुरूआती लोगों के लिए शेयर बाज़ार में व्यापार और निवेश'' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

2 दिनांक 21 नवंबर, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से वितिय साक्षरता पर एक सेमिनार आयोजित किया गया।

3 4 दिसंबर, 2023 को वाणिज्य विभाग के छात्रों के लिए एक मूवी शो (The Big Bull) का आयोजन किया गया।

4 बीकॉम/एमकॉम के विद्यार्थियों के लिए 15–22 दिसंबर, 2023 को शैक्षणिक भ्रमण के लिए आगरा–दिल्ली और वृंदावन ले जाया गया।

## इतिहास विभाग

1 इतिहास विभाग ने राजनीति विज्ञान विभाग के सहयोग से दिनांक 9 फरवरी, 2024 को गुटनिरपेक्ष आंदोलन विषय पर प्रो0 सुरेन्द्र सिंह ठाकुर के विशेष व्याख्यान द्वारा एक अंतर–अनुशासनात्मक गतिविधि आयोजित की।

2 इतिहास विभाग ने 15 फरवरी, 2024 को प्रो0 सुरेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा डॉ0 अंबेडकर के सामाजिक और राजनीतिक विचार विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया।

3 दिनांक 11 मार्च, 2024 को भारत में विश्व धरोहर स्थलों विषय पर एक पावर पॉइंट प्रेज़ेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

4 इतिहास विभाग ने दिनांक 7 मार्च, 2024 को संस्कृति और परंपरा की रक्षा में इतिहास की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की।

5 इतिहास विभाग ने दिनांक 17 फरवरी, 2024 को राजनीति विज्ञान विभाग के सहयोग से वैश्वीकरण विषय पर अंतर–अनुशासनात्मक गतिविधि आयोजित की, जिसमें प्रो0 सुरेन्द्र सिंह ने विशेष व्याख्यान दिया।

6 इतिहास विभाग ने दिनांक 14 मार्च, 2024 को वार्षिक समाज समारोह उत्कर्ष का आयोजन किया।

7 इतिहास विभाग ने 28 फरवरी, 2024 को मानवाधिकार विषय पर प्रतियोगिता आयोजित किया।

## संगीत विभाग

अटल सदन में आयोजित ज़िला स्तरीय युवा उत्सव, 2023 में भाग लिया। और 13–18 अक्टूबर, 2023 को रामपुर, बुशहर में यूथ फेस्टिवल ग्रुप–2 में अपनी भागीदारी दी तथा राजकीय महाविद्यालय नादौन, हमीरपुर में 21–23 अक्टूबर, 2023 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यूथ फेस्टिवल ग्रुप–3 में भाग लिया।

## केन्द्रीय छात्र संगठन (CSCA)

16 मार्च, 2024 को महाविद्यालय के केन्द्रीय छात्र संगठन द्वारा '' अन्तर्ध्वनि 2024'' का आयोजन किया गया`जसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

## सौन्दर्यीकरण समीति

20–21 जून, 2023 को महाविद्यालय की सौंदर्यीकरण समिति ने डॉ0 उरसेम लता की देखरेख में गांधीमार्ग राष्ट्रीय संगोष्ठी से पहले महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई और सभी गमलों की Re-Potting की।

19 दिसंबर, 2023 को महाविद्यालय के संग्रहालय में रखी गई लुप्तप्राय वस्तुओं की साफ–सफाई की गई।

महाविद्यालय परिसर में बनी ओपन लाइब्रेरी में बुक्स को फिर से व्यवस्थित किया गया और उसके आस–पास कुछ फूल रोपे गए तथा बेंच भी व्यवस्थित रूप से रखे गए।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय की एनएसएस युनिट द्वारा सत्र 2023–24 में आयोजित नियमित गतिविधियां निम्नलिखित है–

1 दिनांक 3 अगस्त, 2023 को एनएसएस युनिट द्वारा प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के सौन्दर्यकरण व हरियाली हेतु वृक्षारोपण किया गया।

2 दिनांक 8 अगस्त, 2023 को एनएसएस युनिट द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जिसमें स्वयं सेवियों द्वारा महाविद्यालय मैदान में पत्थरों को निकाला तथा गड्डों को भरकर उबड़–खाबड़ जमीन को समतल बनाया।

3 दिनांक 12 सितम्बर, 2023 को एनएसएस यूनिट ने हिमालयन पर्यावरण सुरक्षा एवं वन्यप्राणी सुरक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण एवं वन्यप्राणी सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया।

4 दिनांक 25 सितम्बर, 2023 को एनएसएस यूनिट द्वारा एनएसएस स्थापना दिवस मनाया गया।

5 दिनांक 1 अक्टूबर, 2023 को एनएसएस युनिट द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाए स्वच्छता सर्वेक्षण–2 के अर्न्तगत नगर परिषद् मनाली के साथ मिलकर मनाली शहर में स्वच्छता अभियान चलाया।

6 दिनांक 3 अक्तूबर, 2023 को एनएसएस युनिट ने ''मेरी माटी मेरा देश'' के तहत नेहरू युवा केन्द्र ज़िला कुल्लू द्वारा आयोजित ''कलश'' यात्रा में भाग लिया।

**विशेष वार्षिक शिविरः** एन.एस.एस का वार्षिक शिविर प्रो0 जीत राम, एन.एस.एस. अधिकारी के कुशल नेतृत्व में 8 फरवरी से 14फरवरी के बीच में लगाया गया। इस वार्षिक शिविर में विभिन्न सत्र चलाए गए जिनमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवियों में नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास कार्य, संस्कृति और नैतिक विकास को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक व बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस शिविर में कैम्पस सौन्दर्यीकरण व साफ–सफाई पौधारोपण का कार्य कैम्पस के अतिरिक्त गोद लिए गए गांव में भी किया गया।

**एनसीसी**

महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा सत्र 2023–24 में आयोजित नियमित गतिविधियां निम्नलिखित है–

1 15 अगस्त, 2023 को महाविद्यालय द्वारा आयोजित ध्वजारोहण समारोह में एनसीसी के 35 केडेटस ने भाग लिया।

2 19 अगस्त, 2023 को एनसीसी केडेटस द्वारा सजला गांव के विष्णु मंदिर के समीप वन विभाग के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया जिसमें 30 केडेटस ने 1000 पौधे लगाए।

3 9 सितंबर, 2023 को विशेष स्वच्छता अभियान ''एक तारीख–एक घंटा–एक साथ'' अभियान के तहत महविद्यालय तथा छात्र आवास के समीप एनसीसी केडेटस द्वारा श्रमदान किया गया।

4 केडेट नीलाक्षी द्वारा जुलाई, 2023 में एक महीने के लिए बेसिक मोंन्टेनेरिंग कोर्स में भाग लिया और वर्ष 2024 में एनसीसी की तरफ से एडवांस कोर्स में जाने का मौका भी मिलेगा।

5 3–12 नवंबर, 2023 तक द्वितीय व तृतीय वर्ष के 33 कैडेटस द्वारा CATC (Combined Annual Training Camp) पंडोह, मंडी में भाग लिया।

## रोवर्ज़ एण्ड रेंजर्ज़

महाविद्यालय की रोवर एंड रेंजर्स इकाई द्वारा सत्र 2023–24 में आयोजित नियमित गतिविधियां निम्नलिखित है–

1 24 नंवबर, 2023 को राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित ''हिमाचल प्रदेश के पश्चिमी हिमालय में महिला एवं स्वास्थ्य'' विषय पर रोवर एंड रेंजर्स इकाई ने एक दिवसीय सेमिनार में भाग लिया।

2 12 जुलाई, 2023 को रोवर एंड रेंजर्स के छात्रों ने कॉलेज परिसर में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

3 ''अमृत कलश'' यात्रा में 17 अक्टूबर, 2023 को 6 रोवर एंड रेंजर्स ने भाग लिया। यह यात्रा शिव मंदिर ग्रउंड पतलीकुहल से सब्जी मंडी पतलीकुहल तक निकली। सब्ज़ी मंडी पतलीकुहल में एक लघु सांस्कृतिक व शपथ समारोह का आयोजन भी किया गया।

4 8–9 दिसंबर, 2023 को ''हरिपुर जाच'' उत्सव के दौरान रोवर एंड रेंजर्स के छात्रों ने उसमें अपनी सेवाएं प्रदान की।

5 22 फरवरी, 2024 को '' विश्व चिंतन दिवस'' के अवसर पर कॉलेज परिसर में लघु कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस वर्ष के लिए थीम थी “Our World, Our thriving future: The Environment & Globlal Poverty”इसमें सभी महिलाओं और लड़कियों

के लिए मंच का प्राथमिक दिन का लक्ष्य स्वतंत्र रूप से अपने विचारों को सांझा करना, प्राथमिकता वाले मुद्दों के बारे में चर्चा में भाग लेना और वैश्विक समाधान पेश करना है।

**स्वास्थ्य एवं स्वच्छता क्लबः**

13 फरवरी, 2024 को ज़िला कार्यक्रम कार्यालय के सहयोग से महाविद्यालय के स्वास्थ्य और स्वच्छता क्लब ने मासिक धर्म स्वच्छता पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जिसमें सीएच मनाली से डॉ0 श्रिया ठाकुर और पीएचसी, नग्गर के शिक्षक व स्वास्थ्य शिक्षक श्री गजेन्द्र व अन्य किशोर शामिल थे। इसके साथ ही स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। आयुर्वेद अस्तपताल हरिपुर के डॉ0 मनीष सूद द्वारा लड़कियों के स्वास्थ्य की जांच भी की गई।

17 फरवरी, 2024 को एडी हाइड्रो पॉवर लिमिटिड ने महाविद्यालय में दो वेंडिग मशीनें और दो भस्मक स्थापित किए और छात्राओं को इनका सही उपयोग करने के लिए जागरूक किया।

## सामूदायिक विकास गतिविधियां

**हरिपुर जाच–2023ः** जवाहरलाल नेहरू रा0म0वि0 हरिपुर में 8–9 दिसंबर, 2023 को ज़िला सांस्कृतिक परिषद कुल्लू, पूव छात्र संगठन एवं जवाहरलाल नेहरू रा0म0वि0 हरिपुर के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक मेला ''हरिपुर जाच'' को आयोजन किया गया। इस आयोजन में आस–पास के विद्यालयों, महिलामंडलों व बुज़ुर्गों ने शिरकत की। दो दिवसीय जाच में विशेष अतिथि के रूप में डॉ0 नंद लाल शर्मा, संयुक्त निदेशक एवं श्री पंकज राय, विशेष सचिव तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 मनदीप शर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम को दो चरणों में बांटा गया जिसमें हरिपुर जाच के विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को शामिल किया गया जिसमें पारंपरिक लुप्तप्राय वस्तुओं की प्रदर्शनी, पारंपरिक वस्तुओं व क्षेत्रीय वनस्पति, वास्तु एवं सांस्कृतिक तत्वों की फोटो प्रदर्शनी पारंपरिक खेले, पारंपरिक भोजन स्टॉल, पारंपरिक वस्त्राभूषण शो आदि शामिल रहे।

संकाय उपलब्धि: सत्र 2022-23

**डॉ. रोमेश चंद्र, एसोसिएट प्रोफ़ेसर – जियोग्राफी :**

1. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से 'गांधी मार्ग बहुआयामी बहुविषयक दृष्टिकोण' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान ।
2. 12 सितंबर, 2023 से 18 सितंबर, 2023 तक "शिक्षण शोध के लिए ओपन सोर्स टूल्स" विषय पर आधारित 'एक सप्ताह के फैकल्टी विकास कार्यक्रम' में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्यक्रम दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज, टीचिंग लर्निंग सेंटर द्वारा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के तहत आयोजित किया गया था।

**डॉ. उरसेम एसोसिएट प्रोफ़ेसर – हिंदी :**

1. दृष्टिकोण' नामक एक पीयर समीक्षित जर्नल में एक अध्याय प्रकाशित किया गया, जिसका शीर्षक 'आज के अतीत और भीष्म साहनी ' था।
2. 'लोक कला और लोक विवाद' में एक अध्याय प्रकाशित किया गया, जिसका शीर्षक 'मिथक और लोक विश्वास - 'हिमाचल के संदर्भ में' था।
3. अन्तर्राष्ट्रीय बहुविज्ञानिक शोध पत्रिका 'उन्नति' में एक शोध पत्र प्रकाशित किया गया, जिसका शीर्षक था, 'उत्तर अधुनिकता की बहस और हिमाचली कवियों की हिन्दी कविताएँ: युवा कवियों के संदर्भ में'।
4. 'इंटरनेशनल जर्नल ऑफ सोशल साइंस एंड मैनेजमेंट स्टडीज' में एक शोध पत्र प्रकाशित किया गया, जिसका शीर्षक था, 'पर्यावरण: सामाजिक आर्थिक समस्याएं और सुझाव'।
5. 'दृष्टिकोण' में एक शोध पत्र प्रकाशित किया गया, जिसका विषय था, 'आज के अतीत और भीष्म सहनी'। इसे वॉल्यूम 14 इश्यू 4 में प्रकाशित किया गया था।
6. 17 से 23 जून 2023 तक "भारतीय नदी घाटी संस्कृति" पर आयोजित हेरिटेज फाउंडेशन, जबलपुर द्वारा एक 7 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।
7. 'हेरिटेज फाउंडेशन जबलपुर' द्वारा आयोजित एक दो क्रेडिट ऑनलाइन कोर्स पर उपस्थित हुआ और सफलतापूर्वक पूरा किया, विषय: 'भारतीय जनजाति की विरासत'।
8. 'हेरिटेज फाउंडेशन जबलपुर' द्वारा आयोजित एक क्रेडिट ऑनलाइन कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया, विषय: 'पर्यटन और संरक्षण को संतुलित करना'।
9. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से 'गांधी मार्ग बहुआयामी बहुविषयक दृष्टिकोण' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में संयोजक एवं समन्वयक की भूमिका निभाई ।

**श्री नरेश कमल, असिस्टेंट प्रोफेसर - भूगोल**

1. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से आयोजित , राष्ट्रीय सम्मेलन में 'ग्राम विकास की गांधीवादी अवधारणा और भारत की विकास नीति' नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |
2. 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका ऑफ़ मॉडर्नाइजेशन इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड साइंस' (आईआरजेएमईटीएस) में ' भारत की भविष्य में जल की आवश्यकताओं को भारत की नदियों के इंटरलिंकिंग द्वारा पूरा करना ' विषय पर एक शोध पत्र प्रकाशित किया |
3. 29 अगस्त से 4 सितंबर 2022 तक दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज द्वारा आयोजित 'नई शिक्षा नीति 2020 में उच्च शिक्षा की प्रवृत्तियाँ' विषय पर सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम को सफलतापूर्वक पूरा किया |

4. 12 सितंबर, 2023 से 18 सितंबर, 2023 तक "शिक्षण शोध के लिए ओपन सोर्स टूल्स" विषय पर आधारित 'एक सप्ताह के फैकल्टी विकास कार्यक्रम' में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्यक्रम दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज, टीचिंग लर्निंग सेंटर द्वारा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के तहत आयोजित किया गया था।

**श्री भूपेंद्र शर्मा - असिस्टेंट प्रोफेसर संगीत**

1. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से 23-24 June 2023 को आयोजित , राष्ट्रीय सम्मेलन में "बुनियादी शिक्षा में संगीत और गाँधी: एक अध्ययन" नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |

2. HCSR ON WESTHERN HIMALAYA द्वारा 28-30 June 2023 को आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "कुल्लू के मंदिरों के देवकार्य में वाद्य शिक्षकों की भूमिका" विषय शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**श्री कश्मीर सिंह - असिस्टेंट प्रोफ़ेसर भौतिकी**

1. ' भौतिकी' विषय पर आधारित रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्यक्रम दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज, टीचिंग लर्निंग सेंटर द्वारा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के तहत आयोजित किया गया था।

2. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से 'गांधी मार्ग बहुआयामी बहुविषयक दृष्टिकोण' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में आयोजन सचिव की भूमिका निभाई ।

3. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से आयोजित , राष्ट्रीय सम्मेलन में ' गाँधी मार्ग सत्य के प्रयोग हिन्द स्वराज के सन्दर्भ में ' नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |

**शोध पत्र प्रकाशन**

● अंतरराष्ट्रीय इंजीनियरिंग, विज्ञान और गणित के क्षेत्र में विषय 'जलवायु परिवर्तन में ग्लोबल वार्मिंग की भूमिका पर एक अध्ययन' प्रकाशित, जनवरी 2023, आईएसएसएन: 2320-0294 Impact: 6.765

● अंतरराष्ट्रीय विज्ञान और इंजीनियरिंग विकास शोध के क्षेत्र में विषय 'गांधीजी की बुनियादी शिक्षा: मूल्य शिक्षा का एक माध्यम' प्रकाशित, जुलाई 2023, आईएसएसएन: 2455-2631 Impact: 5.47

**पुस्तक प्रकाशन**

● 'आंकिक और ऊष्मीय भौतिकी' आर डी पब्लिकेशन जालंधर द्वारा प्रकाशित, आईएसबीएन: 978-93-95604-71-0 सह-लेखक के रूप में।

● 'आंकिक और ऊष्मीय भौतिकी' आर डी पब्लिकेशन जालंधर द्वारा प्रकाशित, आईएसबीएन: 978-93-95604-72-7 सह-लेखक के रूप में।

**श्रीमती कृष्णा शर्मा  असिस्टेंट प्रोफेसर - समाज शास्त्र**

1. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से 23-24 June 2023 को आयोजित , राष्ट्रीय सम्मेलन में " गांधियन आइडियोलॉजी औन मेन्टल हेल्थ एंड मेन्टल स्ट्रेस " नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया

**डॉ दिनेश सिंह - असिस्टेंट प्रोफेसर कॉमर्स**

1. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से 23-24 June 2023 को आयोजित , राष्ट्रीय सम्मेलन में " Reflections of Gandhian Perspective of Ethics, Morality and Trusteeship in the Corporate Landscape of India " नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया

**डॉ. राम सिंह - असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान**

1. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से 23-24 June 2023 को आयोजित , राष्ट्रीय सम्मेलन में " "गांधी और हरित रसायन" " नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |

2. 22 अप्रैल से 06 मई 2023 तक, दिल्ली विश्वविद्यालय के टीएलसी रामानुजन कॉलेज के सहयोग से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के गुरु नानक खालसा कॉलेज ऑफ़ आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स (स्वायत्त) माटुंगा (पूर्व) - मुंबई के साथ "उन्नत शोध मेथडोलॉजी" में अन्तर्विषयीय रिफ्रेशर कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया।

**श्री राजेश सिंह - असिस्टेंट प्रोफेसर गणित**

1 ‘Applicable Mathematics’ विषय पर आधारित रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्यक्रम दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज, टीचिंग लर्निंग सेंटर द्वारा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के तहत आयोजित किया गया था।

2. सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस, राजकीय महाविद्यालय संजौली - शिमला द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन में , ‘Digital Intervention in Sports and Gaming’ नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |

3. आईसीएफआरई- हिमालयन वन शोध संस्थान, शिमला और विज्ञान और प्रबंधन सोसाइटी हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में " Temperature Distribution in outer layers of human body with a uniformity perfused tumor ", विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |

4. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से आयोजित , राष्ट्रीय सम्मेलन में Mathematical Approach to Gandhian Thought"नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |

**डॉ. साक्षी भंडारी - असिस्टेंट प्रोफेसर - वनस्पति विज्ञान**

1. 5 जून से 6 जून 2023 को जीसी सरकघाट द्वारा आयोजित द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया, विषय: अंतरराष्ट्रीय चिंताएं, जलवायु परिवर्तन और संसाधन प्रबंधन पश्चिमी हिमालय में।

2. 20 मई 2023 को जीसी जुखला द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया, विषय: हिमालय क्षेत्र में पर्यावरणीय चिंताएं।

3. 18 फरवरी से 04 मार्च 2023 तक दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज, टीएलसी से ऑनलाइन दो सप्ताहीय रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया, विषय: वनस्पति विज्ञान।

**श्रीमती इंदु ठाकुर - असिस्टेंट प्रोफेसर कॉमर्स**

1. 28-29 जून 2023 को पश्चिमी हिमालय: सतति, परिवर्तन, अनिश्चितता और संभावित भविष्य पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया। विषय: हिमालय में आधुनिक बैंकिंग की भूमिका।

2. 23-24 जून, 2023 को हिंदी विभाग, जेएलएन जीसी हरिपुर (मनाली) द्वारा गांधी मार्ग पर राष्ट्रीय सम्मेलन (सत्य के प्रियोग, हिंद स्वराज के संदर्भ में ) 'गांधीवादी विकल्प - ग्रामीण विकेन्द्रित अर्थव्यवस्था' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**श्री सुरेंद्र कुमार - असिस्टेंट प्रोफेसर इंग्लिश**

1. IGNOU, नई दिल्ली से 'उच्च शिक्षा में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा' (PGDHE) कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया।
2. 'अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेज़ी भाषा, साहित्य और अनुवाद अध्ययन' (आईजेईएलआर) एक त्रैमासिक, सूचीबद्ध, समीक्षित और ओपन एक्सेस अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में 'Role of William Blake in the Progress of Romantic Movement'विषय पर एक शोध लेख प्रकाशित किया। वॉल. 10, इश्यू. 3, 2023 (जुलाई-सितंबर)। ISSN 2395-2628 (प्रिंट): 2319-9451 (ऑनलाइन) http://www.ijelr.in (Impact Factor: 5.9745) (आईसीआई) doi: 10.33329/ijelr.10.3.119
3. 12 सितंबर, 2023 से 18 सितंबर, 2023 तक "शिक्षण शोध के लिए ओपन सोर्स टूल्स" विषय पर आधारित 'एक सप्ताह के फैकल्टी विकास कार्यक्रम' में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्यक्रम दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज, टीचिंग लर्निंग सेंटर द्वारा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के तहत आयोजित किया गया ।

**श्री सुरेंद्र सिंह - सहायक प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान**

1. जून 2023 में पश्चिमी हिमालय: सतति, परिवर्तन, अनिश्चितता और संभावित भविष्य पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में संयोजक एवं समन्वयक की भूमिका निभाई ।

1. 28-30 जून 2023 को पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के Centre for the study of Social Exclusion and Inclusive Policy के सहयोग से एचसीएसआर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में तकनीकी सत्र - 5 के प्रमुख सभापति बने |

**श्रीमती प्रीति ठाकुर - सहायक प्रोफेसर, इतिहास**

1.  23-24 जून 2023 को जवाहर लाल नेहरू कॉलेज हरिपुर मनाली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया, जिसका शीर्षक था "21वीं शताब्दी में अखण्ड भारत को गांधी की आवश्यकता क्यों?"।

2.  28-30 जून 2023 को पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के Centre for the study of Social Exclusion and Inclusive Policy के सहयोग से एचसीएसआर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "पश्चिमी हिमालय में स्थानीय खाद्य परंपराएं" शीर्षक से एक शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा सहसंयोजक के रूप में कार्य किया।

4. 3 से 11 अक्टूबर 2023 तक  जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा आयोजित , नौ दिवसीय टांकरी स्क्रिप्ट वर्कशॉप/ प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

5. नवम्बर, 22-28, 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय ब्राह्मी स्क्रिप्ट पर कार्यशाला में भाग लिया, जो कि G. D. C. धामी 16 मील, शिमला, द्वारा  भाषा और संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार और हिमाचल राज्य संग्रहालय, शिमला के सहयोग से आयोजित की गयी |
6..हिमालयी वैज्ञानिक अनुसंधान परिषद द्वारा, G. C. पांगी, जिला चंबा, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से 30-31 दिसंबर, 2023 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में , 'An ethnographic Study of Paangwala Tribe in Himachal Pradesh : Continuity and Change' शीर्षक पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया |

**श्री सत्री  ठाकुर - सहायक प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान**

1. 28-30 जून 2023 को हिमालयी वैज्ञानिक शोध परिषद् (एचसीएसआर) द्वारा आयोजित 'पश्चिमी हिमालय: सतति, परिवर्तन, अनिश्चितता और संभावित भविष्य' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "शामनिज्म और रीतिरिवाज: पश्चिमी हिमालय के ग्रामीण क्षेत्रों के अनुभव" पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

2. 28 से 30 नवंबर 2023 तक राजकीय कॉलेज हरिपुर, अन्नी, कुल्लू द्वारा केप कोमोरिन ट्रस्ट, इंडिया के सहयोग से "शैक्षिक लेखन और शोध पद्धति" पर एक सप्ताह के शिक्षक विकास कार्यक्रम को पूरा किया।
3. अक्टूबर 2023 में दीन  दयाल उपाध्याय अध्ययन केंद्र, सीयू एचपी, धर्मशाला द्वारा आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान श्रृंखला में भाग लिया।

4. 3 से 11 अक्टूबर 2023 तक  जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा आयोजित , नौ दिवसीय टांकरी स्क्रिप्ट वर्कशॉप/ प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

**श्रीमती ज्योति बाला - सहायक प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा:**

1. 24 से 29 जुलाई 2023 को महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, बद्दी से " शोध पद्धति और डेटा विश्लेषण में हालिया घटनाक्रम " विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

1. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से  23-24 June 2023 को  आयोजित , राष्ट्रीय सम्मेलन में   "मानसिक स्वास्थ्य और तनाव पर गांधीवादी विचारधारा" विषय पर एक पेपर प्रस्तुत किया।

2. 3 से 11 अक्टूबर 2023 तक  जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा आयोजित , नौ दिवसीय टांकरी स्क्रिप्ट वर्कशॉप/ प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।
3. सरदार पटेल आर्थिक और सामाजिक शोध संस्थान में  'प्रभावित व्यक्तियों के मनोवैज्ञानिक भलाई और तनाव स्तर पर COVID-19 महामारी के प्रभाव'  विषय पर एक शोध पत्र प्रकाशित किया |

4. 13 मार्च 2024 को आरएसपीएन सोनपीठ श्री पंडित गुरु पर्दीकर महाविद्यालय, सिरसाला द्वारा "शिक्षा को खेल के माध्यम से बढ़ावा देना - भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत एक बहुविज्ञानी पहल" के विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**श्रीमती मोनिका - वाणिज्य में सहायक प्रोफेसर**

1. 24 से 29 जुलाई 2023 को महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, बद्दी से " शोध पद्धति और डेटा विश्लेषण में हालिया घटनाक्रम " विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।
2. आईसीएसएसआर के संबंध में वित्तीय वर्ष में सुस्त वर्ग के लिए सरकारी पहलों के लिए माइक्रो इंश्योरेंस पर राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।
3. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से 23-24 June 2023 को आयोजित , राष्ट्रीय सम्मेलन में " क्रांतिकारी प्रबंधन में गांधीवादी विचारों की भूमिका " विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
4. जर्नल में प्रकाशित प्रकरण: स्थायी व्यवसाय प्रथाओं में सरकारी पहलों के लिए माइक्रो इंश्योरेंस पर आईसीएसएसआर के संरक्षित राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रकाशन। Pg. 284 (ISBN978-93- 91385-34-7).
5. पीजी कॉलेज, कालका, एआईसीएसएसआर के सहयोग से 21-22 फरवरी 2024 को आयोजित सम्मेलन में 'विस्तार की समयबद्धता में माइक्रो इंश्योरेंस के विस्तार में उत्थित मुद्दों और चुनौतियों' पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |

**श्रीमती प्रियंका - सहायक प्रोफ़ेसर, जूलॉजी**

1. प्रकाशन: प्रियंका ठाकुर और अनुप्रिया। "सर्वोदय के प्रकाश में भारतीय हरित क्रांति का पुनः विश्लेषण: गांधीवादी अवधारणा"। IJCRT, आईएसएसएन नंबर - 2320-2882, डीओपी - 23 अगस्त 2023। यूजीसी स्वीकृत जर्नल नंबर - 49023(18)।
2. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से 23-24 June 2023 को आयोजित , राष्ट्रीय सम्मेलन में " भारतीय हरित क्रांति का पुनः विश्लेषण " विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
4. 12 सितंबर, 2023 से 18 सितंबर, 2023 तक "शिक्षण शोध के लिए ओपन सोर्स टूल्स" विषय पर आधारित 'एक सप्ताह के फैकल्टी विकास कार्यक्रम' में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्यक्रम दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज, टीचिंग लर्निंग सेंटर द्वारा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के तहत आयोजित किया गया ।
5. 1 जनवरी से 7 जनवरी 2024 तक एक सप्ताहीय एक सप्ताहीय एक सप्ताहीय शिक्षण शोध लेखन प्रोग्राम में भाग लिया। यह कार्यक्रम दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज, टीचिंग लर्निंग सेंटर द्वारा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के तहत आयोजित किया गया

**श्री लाल चंद सहायक प्रोफेसर - अर्थशास्त्र**

1. जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज, हरिपुर द्वारा ICSSR के सहयोग से 23-24 June 2023 को आयोजित , राष्ट्रीय सम्मेलन में " "भारत के कॉर्पोरेट लैंडस्केप में गांधीवादी नैतिकता, नैतिकता और ट्रस्टीशिप का परावर्तन" " विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
2. 28 जून से 12 जुलाई 2023 तक "शिक्षण शोध के लिए ओपन सोर्स टूल्स" विषय पर आधारित दो सप्ताहीय रिफ्रेशर कोर्स ' में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्यक्रम दिल्ली

विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज, टीचिंग लर्निंग सेंटर द्वारा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के तहत आयोजित किया गया ।

3. 28 - 30 जून 2023 को, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के स्टडी ऑफ सोशल एक्सक्लूशन एंड इंक्लूसिव पॉलिसी केंद्र के सहयोग से, "हिमालय में आधुनिक बैंकिंग की भूमिका" अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**श्री राम कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर - लोक प्रसाशन**

1. 23 जनवरी से 6 फरवरी 2024 तक "Advanced Research Methodology" विषय पर आधारित ' रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्यक्रम दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज, टीचिंग लर्निंग सेंटर द्वारा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के तहत आयोजित किया गया ।

**प्रो. अभिषेक आनंद**

1) 25-30 सितम्बर 2023 तक गवर्नमेंट कॉलेज टीचिंग एजुकेशन धर्मशाला से एक सप्ताह की इंडक्शन ट्रेनिंग में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया।

2) 3-11 अक्टूबर 2023 को भाषा एवं संस्कृति विभाग एवं जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में नौ दिवसीय टांकरी लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया।

**प्रो. दीपा कुमारी**

1) 25-30 सितम्बर 2023 तक गवर्नमेंट कॉलेज टीचिंग एजुकेशन धर्मशाला से एक सप्ताह की इंडक्शन ट्रेनिंग में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया।

2) 3-11 अक्टूबर 2023 को भाषा एवं संस्कृति विभाग एवं जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में नौ दिवसीय टांकरी लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया।

3) 28-29 फरवरी से 1 मार्च 2024 को भाषा एवं संस्कृति विभाग व हिमतरु प्रकाशन समिति द्वारा आयोजित 'कुल्लू साहित्य उत्स्व' में भाग लिया।

**प्रो. शिवम शांडिल्य**

1)19-24 फरवरी 2024 को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज धर्मपुर मंडी (हि प्र) द्वारा आयोजित विषय :NEP 2020: A paradigm shift in higher education में एक सप्ताह का संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।